समाचार

निगम का बजट एम.आई.सी. से पारित, अनुशंसा सहित साधारण सभा को अग्रेषित

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक)

कोरबा 23 मार्च 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज निगम के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2021–22 एवं बजट वर्ष 2022–23 को सर्वसम्मति से पारित करते हुए अपनी अनुशंसा के साथ साधारण की ओर अग्रेषित किया गया। इसके साथ ही निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो सहित अन्य विषयों से संबंधित प्रस्तावों पर एम.आई.सी.द्वारा आवश्यक निर्णय लिए गए।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निगम के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2021–22 एवं बजट वर्ष 2022–23 को सर्वसम्मति से पारित करते हुए अंगीकृत किए जाने हेतु अपनी अनुशंसा के साथ बजट साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। बैठक के दौरान कटघोरा हरदीबाजार बलौदा अकलतरा मार्ग (इंडस्ट्रीयल कारीडोर) के निर्माण कार्य में मार्ग के किनारे आने वाले पाईप लाईन विस्थापन कार्य, 14वें वित्त आयोग अंतर्गत वाहन की खरीदी, निगम क्षेत्रांतर्गत पेयजल व्यवस्था स्थापित विभिन्न क्षमता के मोनोब्लाक मोटरपम्प सबमर्शिवल मोटरपम्प एवं पैनल बोर्ड के मरम्मत कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण, जलप्रदाय संधारण कार्य हेतु विविध सामग्री की खरीदी हेतु वार्षिक दर निर्धारण, जल उपाचार संयंत्र में फिल्डर मीडिया संबंधी कार्य, सड़क के मध्य विद्युत पोल पर विज्ञापन बोर्ड लगाने संबंधी, शिलान्यास पत्थर हेतु वार्षिक दर निर्धारण व सामग्री की खरीदी, डामरीकृत सड़कों के मरम्मत संधारण कार्य, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वाहन मशीन उपकरण क्रय, नाली बिल्डिंग व सीमेंट कांक्रीट रोड मरम्मत व संधारण कार्य, वार्ड क्र. 16 में सी.सी. रोड निर्माण, सामुदायिक शौचालयों का संचालन, विभिन्न भवनों का लीज नवीनीकरण, जल आवर्धन फेस–1 संधारण संचालन कार्य, सीवरलाईन तथा एस.टी.पी. निर्माण कार्य, रोड स्वीपिंग मशीन क्रय, वाहन मरम्मत सहित अन्य विभिन्न प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए।

निर्माण कार्यो की समीक्षा— बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, पानी, बिजली, साफ—सफाई आदि से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने विकास व निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाने, प्रस्तावित कार्यो की निविदा आदि की प्रक्रिया समयसीमा में पूरी करने, प्रगतिरत निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा समयसीमा में उन्हें पूरा करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर श्री प्रसाद ने निगम की सड़क रोशनी व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था व साफ—सफाई कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, अमरजीत सिंह, सुनील पटेल, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, प्रदीप जायसवाल, फूलचंद सोनवानी, मस्तुल सिंह कंवर, सुनीता राठौर, सुखसागर निर्मलकर, रोपा तिर्की, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त एवं निगम सचिव पवन वर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, तपन तिवारी, एन.के. नाथ, अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, रामेश्वर कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।